प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.11.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

झारखंड समेत देशभर में आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जा रहा है। आज ही के दिन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 को सरकार ने 1995 में लागू किया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और विवादों के समाधान के विभिन्न तरीकों की जानकारी देना है। पिछले दस वर्षो में राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से 34 करोड़ से अधिक मामलों का निपटारा किया गया है।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज अपने आवास पर लोगों से मुलाकात और संवाद कर राजधानी में बेहतर नागरीय सुविधाओं की प्रतिबद्धता दोहरायी। श्री सेठ ने पद्मश्री अशोक भगत से मुलाकात कर उन्हें पर्व त्यौहारों की शुभकामनायें दी। इस दौरान विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा है और देश में अशांति तथा अस्थिरता का वातावरण बनाने की साजिश की जा रही है।

****

कैंसर के उपचार की 137 दवाओं की घटी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। इससे पहले राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण– एनपीपीए ने इन दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य–एमआरपी पर मुनाफा की सीमा तय की थी। यह फैसला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है। एक रिपोर्ट––

****

रांची के मोरहाबादी मैदान में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के लगभग तीन सौ सब्जी और फल विक्रेताओं को रजिस्ट्री ऑफिस के समीप वेंडिंग जोन में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया है। अब साप्ताहिक बाजार इसी वेंडिंग जोन में लगेगी, जिससे शहर वासियों को सुविधा होगी और जाम से भी मुक्ति मिलेगी। खास बात यह है कि यह पूरी व्यवस्था निःशुल्क है तथा विक्रेताओं से निगम किसी प्रकार का शुल्क नहीं लेगा।

****

राज्य में किशोर विवाह और कम उम्र में मातृत्व की समस्या कम होने के बजाय और गंभीर होती जा रही है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे–6 की ताजा आंकड़ों के अनुसार राज्य में किशोर उम्र में गर्भावस्था की दर नौ दशमलव आठ से बढ़कर ग्यारह दशमलव सात फीसदी हो गई है। यूनिसेफ की राज्य प्रमुख डॉ0 कनीनिका मित्रा ने इसे बेहद चिंताजनक बताया है।

****

लोहरदगा जिले के मिशन चौक में स्थित एक घर में अहले सुबह आग लग गई। .इस घटना में कई कमरे और घर के बाहर खड़ी कार पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची अग्निशमन दस्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

****

हजारीबाग जिले के बरही में चौपारण थाना क्षेत्र के हथिया बाबा के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दोनों वाहनों के बीच आमने–सामने हुई टक्कर में पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि दस अन्य लोग घायल हैं। सभी घायलों का इलाज चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है। .

****

युवा क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को दिवाली के मौके पर एक बड़ा तोहफा मिला है। पन्द्रह वर्षीय वैभव को आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार में चार पहिया वाहन मिली है। गौरतलब है कि वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की थी।

**********समाप्त**********